मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
firozabad.police @firozabadpolice facebook.com/firozabadpolice/ #MissionShakti

FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

# सराहनीय कार्य दिनांक 08-10-2025 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07/08-10-2025 की रात्रि संगम एक्सप्रेस से रेलवे स्टेशन शिकोहाबाद पर उतरी एक महिला (जो मैनपुरी चौराहा जाने के लिए एक ऑटो में बैठी थी) के साथ ऑटो चालक द्वारा गलत मंशा से सुनसान जगह पर ले जाने वाला ऑटो चालक अभियुक्त राजेश पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार।

- **मुठभेड़ में अभियुक्त राजेश पैर में गोली लगने से घायल जिसको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया....**

1. **अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा, एक खोखा कारतूस ,एका जिंदा कारतूस ,घटना में प्रयुक्त ऑटो , पीड़िता का एक बैग जिसके अंदर उसके कपड़े और पानी की बोतल को बरामद किया गया।**

- **गलत मंशा से ऑटो को सुनसान जगह पर ले जाने के दौरान महिला ऑटो से कुद गयी जिससे महिला घायल हो गयी........**
- **मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत जनपद में महिला अपराधों से सम्बन्धित अभियुक्तों के विरूद्ध की जा रही है कड़ी वैधानिक कार्यवाही..........**

थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07/08-10-2025 की रात्रि करीब 01.00 बजे एक महिला शिकोहाबाद स्टेशन पर संगम एक्सप्रेस से उतरी थीं। स्टेशन से बाहर निकलकर मैनपुरी चौराहा जाने के लिये ऑटो नं0 यू0पी0 83 डी0टी0 6242 में बैठ गई। रास्ते में ऑटो चालक ऑटो को हाइवे से सर्विस रोड पर गलत मंशा के साथ सुनसान जगह पर ले जाने लगा। इसी दौरान ऑटो में बैठी महिला ऑटो चालक की मंशा को भांपकर ऑटो से कूद गयी। जिससे महिला को चोट लगी। वादिया की तहरीर के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 690/25 धारा 115(2)/303(2)/76/126(2) बीएनएस सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 अभियान के तहत उक्त ऑटो चालक की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया। घटना के सम्बन्ध में गठित टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया।

2. गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त ऑटो चालक राजेश कुमार उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र लल्लूराम निवासी नगला कन्हई थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को आज दिनांक 08-10-2025 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा, एक खोखा कारतूस ,एका जिंदा कारतूस ,घटना में प्रयुक्त ऑटो , पीड़िता का एक बैग जिसके अंदर उसके कपड़े और पानी की बोतल को बरामद किया गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1-राजेश कुमार उम्र करीव 35 वर्ष पुत्र लल्लूराम निवासी नगला कन्हई थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।

**बरामदगीः-**

3. एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा, एक खोखा कारतूस ,एका जिंदा कारतूस ,
4. घटना में प्रयुक्त ऑटो

3. पीड़िता का एक बैग जिसके अंदर उसके कपड़े और पानी की बोतल जिसको घटना के बाद अभियुक्त ले गया था।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1- अपराध निरीक्षक रंजना गुप्ता थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

2- म0उ0नि0- मधुबाला थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

3- म0मु0आ0- एकता थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

4- उ0नि0 धर्मपाल थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

5- उ0नि0 नवीन थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

6- अ0नि0 फैजल खान थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

7- म0आ0 श्रद्धा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

8- म0आ0 सोनी थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।